उत्तर प्रदेश शासन
परिवहन अनुभाग-3
संख्या-95/2024/1881/तीस-3-2024
लखनऊः दिनांकः 18 जुलाई, 2024

कार्यालय-आदेश

तात्कालिक प्रभाव से निम्नलिखित तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित अधिकारियों को, स्तम्भ-3 में अंकित कार्यालय आदेश द्वारा स्तम्भ-4 में वर्णित पद/स्थान पर तैनात किये जाने के आदेश निर्गत किये गये हैं:-

क्र0सं0	अधिकारी का नाम एवं पदनाम	कार्यालय आदेश संख्या एवं दिनांक	पद/स्थान
1	2	3	4
1	श्री सर्वेश चतुर्वेदी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), वाराणसी	संख्या-77/2024/1748/ तीस-3-2024, दिनांक 30 जून, 2024	सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), प्रथम दल, प्रयागराज।
2	सुश्री अलका शुक्ला, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), प्रथम दल, प्रयागराज	संख्या-69/2024/1740/ तीस-3-2024, दिनांक 30 जून, 2024	सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), सुल्तानपुर।
3	श्री नन्द कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), सुल्तानपुर	संख्या-89/2024/1766/ तीस-3-2024, दिनांक 30 जून, 2024	सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), प्रथम दल, बुलन्दशहर।
4	श्री राजीव कुमार बंसल, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), प्रथम दल, बुलन्दशहर।	संख्या-73/2024/1744/ तीस-3-2024, दिनांक 30 जून, 2024	सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), इटावा।

2. शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त उपर्युक्त तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित अधिकारियों को महाकुम्भ-2025 के सुगम, सुव्यवस्थित, सकुशल एवं शान्तिपूर्ण आयोजन एवं प्रशासकीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत स्तम्भ-3 में अंकित कार्यालय आदेश को निरस्त करते हुए, यथावत बनाये रखे जाने का निर्णय लिया गया है।

उपर्युक्त अधिकारी उक्त आदेश का अनुपालन तत्काल सुनिश्चित करेंगे।

एल0 वेंकटेश्वर लू
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक यथोक्त।
प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
(2) संबंधित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
(3) अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन), उ0प्र0।
(4) संबंधित कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी ।
(5) संबंधित उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र)/संभागीय परिवहन अधिकारी।
(6) संबंधित अधिकारी।
(7) वैभागिक आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,
के0पी0 सिंह
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेबसाइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।